

# विकसित भारत के लिये संकल्प है बजट : चाहर

## भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजट उपलब्धि गिनाने ग्वालियर आये



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,07फरवरी।** केन्द्र की मोदी सरकार का बजट इस बार हर क्षेत्र में उपलब्धि लायेगा। बजट से किसान जहां और अधिक समृद्ध होगा। वहीं शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में भी काफी काम होंगे। यह बात शनिवार को भाजपा किसान मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राजकुमार चाहर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कही।

भाजपा नेतृत्व द्वारा मोदी सरकार के बजट की उपलब्धियां जन जन को बताने के अभियान के तहत ग्वालियर आये सांसद चाहर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को आर्थिक और समृद्धशाली व विकसित भारत बनाने के लिये 2047 का संकल्प लिया है, उसी के तहत यह बजट एक सार्थक प्रयास है। सांसद चाहर ने कहा कि सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर के बाद से सेना को मजबूत करने के लिए बजट में 7 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने केंद्र सरकार की एवं बजट की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास सभी क्षेत्रों में मजबूती देने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह बजट युवा शक्ति को मजबूती प्रदान करने वाला है और गांव, गरीब किसान, मजदूर, महिलाएं, एससी-एसटी, ओबीसी सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुये सबका साथ सबका विकास इसको चरितार्थ करने वाला बजट है।

उन्होंने कहा कि जैसा कि सभी जानते हैं कि वैश्विक स्थिति इस प्रकार की है विश्व की अर्थव्यवस्था को लेकर अनेक प्रकार की चुनौतियां हैं उन चुनौतियों को लेकर एक जन कल्याणकारी बजट पेश किया गया है दूरगामी परिणाम देने वाला बजट भारत के भविष्य को बदलने वाला बजट है। इसी को देखते हुये बजट की ऐसी योजना सरकार ने दी है जिससे देश के लगभग एक करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा। बजट में खेलों को बढावा देने के लिये भी प्रावधान किया गया है। बजट में सस्ता सामान मिले इसके प्रयास किये गये है। बजट में युवा शक्ति के लिये शिक्षा को सेतु को जोडने की योजना है जिससे कौशल विकास को बढावा देना है। बजट में एमएसएमई को मजबूत करने के साथ ही 10 हजार करोड की योजना का प्रावधान किया गया है। स्वावलंबी भारत के तहत बढावा देने के लिये प्रस्तुत बजट में प्रावधान किया है वहीं माल को ढोने के लिये कंटेनर निर्माण को बढावा देने भी बजट के प्रावधानों में रखा गया है।

किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुये नदी जोडो के तहत कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने का प्रावधान किया गया है। महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना और आत्म निर्भर भारत को बढावा देने का प्रावधान भी बजट में किया गया है। पत्रकार वार्ता में मप्र के मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद ग्वालियर भारत सिंह कुशवाह, मुरैना सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमसिंह राजपूत, विनय जैन, दीपक शर्मा, जयप्रकाश प्रजापति आदि मौजूद थे।

## अलमारी में रखी नगदी सहित जेवर ले गए चोर

**ग्वालियर।** घर के गेट का ताला तोड़कर अंदर पहुंचे चोर कमरे में रखी अलमारी में से नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। चोरों ने भगवान की मूर्ति भी नहीं छोड़ी। घटना ठाटीपुर थाना क्षेत्र के न्यू मेहरा कॉलोनी में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात की है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है। रामश्री जाटव निवासी न्यू मेहरा कॉलोनी किसी काम से बाहर गई थीं। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात अज्ञात चोर ताला तोड़कर अंदर पहुंचे और कमरों की तलाशी ली। एक कमरे में रखी लोहे की अलमारी तोड़कर उसमें रखी सोने की चेन, चांदी की करधनी, पायल, चांदी की लक्ष्मी जी की प्रतिमा तथा 500 के नोट जिनकी कीमत 10 हजार रुपए थी चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई गई है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में ग्वालियर की जिला स्तरीय विकास सलाहकार समिति गठित

## जनप्रतिनिधियों और नामांकित सदस्यों के साथ शहर विकास के लिये बनी समिति

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 07 फरवरी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है। इस समिति में जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट द्वारा नामित प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने जिला विकास सलाहकार समिति के गठन का आदेश जारी किया है। कलेक्टर रुचिका चौहान द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला विकास सलाहकार समिति मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में रहेगी। समिति में उपाध्यक्ष जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट होंगे। इस समिति में सदस्य के रूप में सांसद भारत सिंह कुशवाह, महापौर शोभा सतीश सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, जिले के विधानसभा क्षेत्र 14 के विधायक साहब सिंह गुर्जर, विधानसभा क्षेत्र 15 के विधायक एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, विधानसभा क्षेत्र 16 के विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, विधानसभा क्षेत्र 17 के विधायक एवं मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, विधानसभा क्षेत्र 18 भितरवार के विधायक मोहन सिंह राठौर एवं विधानसभा क्षेत्र 19 के विधायक सुरेश राजे शामिल हैं। समिति में जिले के समस्त जनपद अध्यक्ष, जनपद पंचायत मुरार दिलीप सिंह उर्फ दिलराज किरार, जनपद अध्यक्ष घाटीगाँव वर्षा दिलीप रावत, जनपद पंचायत डबरा प्रवेश मेहताब सिंह गुर्जर और जनपद पंचायत भितरवार लक्ष्मीराजे सदस्य के रूप में रहेंगे।

इसके साथ ही जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट द्वारा उद्योग, व्यापार, प्रतिशील किसान, समाजसेवी, चिकित्सक, विधि आदि क्षेत्र के 20 प्रतिनिधियों को भी समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इनमें चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, व्यवसायी दीपक बंसल, चिकित्सक डॉ. बी आर श्रीवास्तव, कृषक गिरवाई सरमन सिंह कुशवाह, जनमेजय चौरसिया, व्यवसायी मयंक गर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता इन्द्रपाल जनवार, पूर्व मंत्री इमरती देवी, चिकित्सक डॉ. प्रियंवदा भसीन, जनप्रतिनिधि वेदप्रकाश शर्मा, राहुल अग्रवाल, समाजसेवी अनूप कुशवाह, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, व्यापारी प्रतिनिधि नेमीचंद शिवहरे, शिक्षाविद बृजराज सिंह तोमर, हरसी कृषक अमिताभ सिंह, अधिवक्ता डी सी पटेरिया, समाजसेवी अशोक अग्रवाल, व्यवसायी आशीष प्रताप सिंह राठौर एवं जनप्रतिनिधि अलबेल सिंह घुरैया शामिल हैं। जिला विकास सलाहकार समिति की सदस्य सचिव कलेक्टर रुचिका चौहान रहेंगीं।



# जैन तीर्थ रक्षा अभियान के तहत जैन मिलन की धार्मिक यात्रा रवाना

## जैन मिलन के राष्ट्रीय पदाधिकारी ने धर्म ध्वजा दिखा कर यात्रा को किया रवाना

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 7 फरवरी।** जैन तीर्थ रक्षा अभियान के अंतर्गत जैन मिलन ग्वालियर द्वारा धार्मिक तीर्थ यात्रा भगवान के जयकारों के साथ गोपाचल से विधिवत रवाना की गई। यात्रा में समाजजनों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ सहभागिता करते हुए तीर्थों की रक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया। यात्रा को जैन मिलन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एडवोकेट महेंद्र कुमार जैन टोंग्या, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शीला टोंग्या, क्षेत्रीय अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन, राष्ट्रीय संरक्षक प्रवीण गंगवाल, क्षेत्रीय संयोजक संजीव जैन तथा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष निर्मल कुमार जैन पाटनी ने धर्म ध्वजा दिखाकर रवाना किया। जैन समाज के प्रवक्ता ललित जैन ने बताया कि यह यात्रा पावापुरजी, ललितपुर, द्रोणागिरी, आहारजी, करगुवांजी आदि पावन तीर्थों के दर्शन करती हुई पुनः ग्वालियर लौटेगी। यात्रा में जैन मिलन के अध्यक्ष मुकेश कुमार जैन पहारिया, सचिव मृणाल जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, यात्रा संयोजक पंकज बाकलीवाल, हितेंद्र बोहरा, अखिलेश सोनी, महेंद्र जैन, बंटी, नवीन जैन, नीतीश बोहरा तथा रोहित जैन एडवोकेट सहित अनेक श्रद्धालु विशेष रूप से शामिल रहे।

# शहर में यातायात प्रबंधन के लिये सार्थक प्रयास हों - सांसद कुशवाह

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 07 फरवरी।** शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये सभी विभागों के समन्वय से सार्थक प्रयास हों। यातायात प्रबंधन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने जिला यातायात समिति की बैठक में यह बात कही। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में शनिवार को आयोजित हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में विधायक भितरवार मोहन सिंह राठौर, विधायक डबरा सुरेश राजे, विधायक ग्वालियर ग्रामीण साहब सिंह गुर्जर, भाजपा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, कलेक्टर रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, एडिशनल एसपी अनु बेनीवाल सहित समिति के सदस्य दीपक अग्रवाल, डॉ. राकेश अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने बैठक में ब्लैक स्पॉट, विद्युत पोल शिफ्टिंग, पार्किंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण के लिये सीसीटीव्ही कैमरे, स्कूल बस के नियमित परीक्षण के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यातायात प्रबंधन के लिये शहर में वैकल्पिक मार्गों का चिन्हांकन भी किया जाए। इसके लिये लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग, नगर निगम एवं परिवहन विभाग का संयुक्त दल गठित किया जाए। यह दल सम्पूर्ण शहर में यातायात प्रबंधन के लिये वैकल्पिक मार्गों का चयन करे ताकि वैकल्पिक मार्गों को व्यवस्थित कर यातायात को और सुदृढ़ बनाया जा सके। क्षेत्रीय सांसद कुशवाह ने पोल शिफ्टिंग की समीक्षा करते हुए कहा है कि यातायात में बाधक सभी पोल शिफ्टिंग का कार्य तत्परता के साथ किया जाए। नगर निगम एवं विद्युत मंडल के अधिकारी समन्वय स्थापित कर कार्य को तीव्र गति से करें।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि हजीरा से चार शहर का नाका तक फ्लाईओवर निर्माण का प्रस्ताव एवं एजी ऑफिस से चन्द्रबदनी नाका तक सिक्सलेन सड़क निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार किया जाए। क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम के माध्यम से शहर में लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरों की निरंतर मॉनीटरिंग कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। उनके सुधार का कार्य संबंधित विभागीय अधिकारी अभियान के रूप में करें। की गई कार्रवाई से आगामी बैठक में अवगत कराया जाए। बैठक में स्कूल बसों की नियमित जाँच के आदेश भी दिए गए। इसके साथ ही शहर में यातायात व्यवस्था की बेहतरी के लिये पार्किंगों का बेहतर संचालन हो, यह भी सुनिश्चित किया गया। ग्वालियर में संचालित ई-रिक्शा एवं ऑटो संचालन को व्यवस्थित करने की दिशा में भी सार्थक प्रयास करने की बात कही गई। कलेक्टर रुचिका चौहान ने जिले में यातायात प्रबंधन के लिये किए जा रहे प्रयासों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने पुलिस विभाग के माध्यम से यातायात प्रबंधन के लिये किए गए कार्यों के संबंध में प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने नगर निगम के माध्यम से सड़कों के सुधार एवं यातायात प्रबंधन के लिये किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए आगामी दिनों में होने वाले कार्यों की भी जानकारी दी।

### आईएसबीटी व अन्य बस स्टेण्डों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करें

सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि आईएसबीटी से बसों का आवागमन जल्द से जल्द शुरू कराएं। उन्होंने आईएसबीटी के अनुसार बसों के परमिटों में बदलाव की कार्रवाई जल्द से जल्द पूर्ण हो। बैठक में बताया गया कि प्रथम चरण में आईएसबीटी से भिण्ड व मुरैना की ओर आने-जाने वाली बसों का संचालन प्रस्तावित है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने कहा कि इसके लिये शीघ्र ही संयुक्त बैठक आयोजित की जायेगी।

## माधौगंज से ई-रिक्शा चोरी

**ग्वालियर।** माधवगंज थाना क्षेत्र स्थित राय सिंह का बाग के पास पानी के प्लांट के समीप से अज्ञात चोर ई-रिक्शा चुरा ले गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी आशीष पुत्र अजय अग्रवाल निवासी चौबे जी की बगिया राय सिंह का बाग माधौगंज ने बताया कि उसने अपनी ई-रिक्शा क्रमांक एमपी07-एल4068 को पानी के प्लांट के बाहर खड़ा किया था।


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शैलेन्द्र फालके पुत्र श्री बाबा साहब फालके के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भवन सम्पत्ति जो कुदालकर की गोठ, लश्कर, परगना व जिला ग्वालियर में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 115.09 वर्गमीटर है। उक्त भवन सम्पत्ति का नगर पालिक निगम भवन क्र. 54/148 एवं वार्ड क्र. 54 है। जिसकी चतुर्सीमा निम्न प्रकार है- पूरब में- गली नगर निगम, पश्चिम में- अन्य की सम्पत्ति (वर्तमान में राजेन्द्र खाण्डेलकर), उत्तर में- गली नगर निगम, दक्षिण में- सम्पत्ति आवा साहब फालके है। उक्त वर्णित भवन सम्पत्ति को श्री शैलेन्द्र फालके ने जर्ये ई-रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एम.पी. 21आईजीआर 17402025 ए100973821 दिनांक 30/10/2025 के द्वारा श्री अखिल भागवत पुत्र स्व. श्री प्रभाकर नारायण भागवत एवं श्रीमती आलेखा विश्वदीप सप्रे पत्नी श्री विश्वदीप सप्रे पुत्री स्व. श्री प्रभाकर नारायण भागवत से क्रय किया है, और श्री अखिल भागवत एवं श्रीमती आलेखा विश्वदीप सप्रे की माताजी श्रीमती साध्या पत्नी श्री प्रभाकर राव भागवत ने जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1201 दिनांक 25/08/1983 के द्वारा श्री सुलभा पत्नी श्री प्रभाकर राव जाधव से क्रय किया था। जिसके पश्चात श्रीमती साध्या जी की मृत्यु 27.11.2019 एवं श्री प्रभाकर राव भागवत जी की मृत्यु 07.09.2023 को होने के बाद श्री अखिल भागवत एवं श्रीमती आलेखा विश्वदीप सप्रे का नाम समस्त कागजात सरकारी व शासकीय अभिलेखों में स्वामी के रूप में दर्ज हुआ था। उसके पश्चात उक्त वर्णित भवन सम्पत्ति को श्री शैलेन्द्र फालके ने क्रय कर अपना नाम नगर पालिक निगम में इन्द्राज कराया गया है और समस्त कागजात सरकारी व शासकीय अभिलेखों में श्री शैलेन्द्र फालके का नाम स्वामी के रूप में दर्ज है। श्री शैलेन्द्र फालके द्वारा वर्णित सम्पति को बंधक करने के लिए मेरी पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक शाखा आरएसीपीसी ग्वालियर से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जो विचाराधीन है। अगर बैंक के नियम व उपनियमों के अधीन वर्णित सम्पति, बंधक योग्य पाई जाती है तो बैंक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर विचार कर वर्णित सम्पति को अपने हित में बंधक कर ऋण स्वीकृत किया जावेगा। वर्णित भवन सम्पति एवं इसके किसी भी भाग पर और इसके असल विक्रय पत्रों पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, कंपनी, वितीय संस्था, फर्म, सोसायटी, व्यक्ति विशेष एवं शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग अथवा निकाय का कोई ऋण आदि बकाया हो या किसी का कोई हित-निहित हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेजी सबूतों के मेरे कार्यालय पर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति करें। अवधि गुजरने के उपरांत उक्त वर्णित भवन सम्पति एवं इसके किसी भी भाग पर और इसके असल विक्रय पत्रों के संबंध में की गई समस्त आपत्तियां, दावे व कार्यवाहियां मेरी पक्षकार बैंक एवं श्री शैलेन्द्र फालके के मुकाबले अवैध व शून्य समझी जावेंगी। दिनांक : 07/02/2026

प्रेषक-जे. पी. शर्मा (एडवोकेट)
कार्यालय - 5,सोमिल कॉम्प्लैक्स, आयकर भवन के पास, सिटी सेन्टर ग्वालियर (म.प्र.) मो. 09425338053





# नि:शुल्क हृदय रोग जाँच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,07फरवरी।** सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए माथुर वैश्य इंटरनेशनल, लश्कर क्लब ग्वालियर के तत्वावधान में नि:शुल्क हृदय रोग चिकित्सा एवं जाँच शिविर का आयोजन 8 फरवरी, रविवार को किया जा रहा है। शिविर का समय प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसमें शहर एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों को हृदय संबंधी रोगों की नि:शुल्क जाँच, परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

शिविर में प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष चौहान द्वारा मरीजों का परीक्षण किया जाएगा तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य हृदय रोगों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, प्रारंभिक जाँच के माध्यम से गंभीर बीमारियों की रोकथाम करना तथा आमजन को विशेषज्ञ सेवाएँ सुलभ कराना है। इस सेवा अभियान में विशेष सहयोग नारायणा ई-टेक्नो स्कूल, सी-ब्लॉक, आनंद नगर, ग्वालियर द्वारा प्रदान किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्राचार्य निधि कुलकर्णी एवं प्रतिनिधि अदनान कादिर ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। आयोजकों ने बताया कि हृदय रोग आज तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है, ऐसे में समय रहते जाँच और परामर्श अत्यंत आवश्यक है।


## CHANGE OF NAME

I, **SHILA** Mother of Army Service No. 21016564X, Rank- L/NK (Gnr), Name- **MUTHAL RAHUL DNYANBA** Residing at At. Kamathwada, Post- Bhat Umara, Tehsil- Washim, District- Washim, State- Maharashtra, Pin- 444505 have changed my Name from **SHILA** to **SHILA DNYANBA MUTHAL** due to mismatch in my Son's Army Service Record.

Vide Affidavit No. DC 540659 Dated 02/02/2026 before High Court, Gwalior M.P.

## बेचना के लिए

आनंद नगर में रोड फेसिंग कमर्शियल प्रॉपर्टी बिक्री हेतु। 2000 वर्गफुट में बना मकान 8 दुकानें व 2 मंज़िल। निवेश के लिए बेहतरीन अवसर।

तुरंत संपर्क करें
9301101246

## नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्रं. 03 वार्ड क्रं. 07, भवन क्रं. ..., स्थानः 232, अर्नव ग्रीन सिटी सागरताल रोड़ पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती संध्या यादव / सतेन्द्र यादव के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000182267 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 621 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. A100432393 दिनांक 06.06.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन मेरे द्वारा ऑनलाईन आज दिनांक 07.02.2026 को किया गया है जिसका आवेदन क्रं. ........ है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
श्रीमती रेनू गोयल / श्री सुनील गोयल
पताः 232, अर्नव ग्रीन सिटी सागरताल रोड़, वार्ड-07
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 07-02-2026

## नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 03 वार्ड क्रं. 07, भवन क्रं. 1682, स्थानः मेवाती मोहल्ला पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती निजाम खान / श्री कल्लू खान के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1001706720 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 420 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. A1935648 दिनांक 22.07.2024 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा क्षे.क्रं. 03 पर दिनांक 03.02.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 75/2011/54900/54827/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
आशिक खान / श्री युसुफ खान
पताः मेवाती मोहल्ला, वार्ड-07
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 07-02-2026

## नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्रं. 03 वार्ड क्रं. 07, भवन क्रं. ..., स्थानः राधा बिहार कॉलोनी मोहम्मदपुर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती सुरेश / श्री नत्था के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000185670 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 640 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. 2881 दिनांक 30.12.2003 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन मेरे द्वारा ऑनलाईन आज दिनांक 07.02.2026 को किया गया है जिसका आवेदन क्रं. ........ है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
सीताराम प्रजापति / श्री डेकूराम प्रजापति
पताः राधा बिहार कॉलोनी मोहम्मदपुर, वार्ड-07
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 07-02-2026


# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्वालियर जिले के 150 गाँवों में घूमेगा जागरूकता रथ

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 07 फरवरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट के संयुक्त तत्वावधान में ग्वालियर जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह, कलेक्टर रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ ग्वालियर शहर के साथ-साथ जिले के लगभग 150 ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करेगा। रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य आमजन को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के विरुद्ध जागरूक करना, इसके दुष्परिणामों की जानकारी देना तथा इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों से अवगत कराना है। रथ के माध्यम से जनसंपर्क कर लोगों को बाल विवाह न करने एवं रोकने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान हस्ताक्षर अभियान का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बाल विवाह समाप्त करने हेतु हस्ताक्षर कर अपना समर्थन एवं सहयोग देने का संकल्प लिया। रथ को हरी झण्डी दिखाने के पूर्व बाल विवाह के विरुद्ध शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बाल विवाह को रोकने एवं इसके उन्मूलन हेतु निरंतर प्रयास करने की शपथ ली। जागरूकता रथ यात्रा आगामी 10 दिनों तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित की जाएगी। इस अवसर पर सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट के अध्यक्ष उमेश वशिष्ठ, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर राजेन्द्र सोनी, मुस्ताक अहमद खान, ब्लॉक समन्वयक व सफल युवा मंडल अध्यक्ष अरविंद कुशवाह, राकेश सिंह, इमरान खान, रेशमा खान, यूसुफ खान, नेहा खान एवं शबाना खान सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 10 फरवरी से सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक लगेंगे स्कूल

**ग्वालियर 07 फरवरी।** ग्वालियर जिले में फरवरी माह में मौसम सामान्य होने से 10 फरवरी से स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान के निर्देश पर यह आदेश जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी ने जारी किया है। इस आदेश के अनुसार स्कूलों में 10 फरवरी से कक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होंगी। यह आदेश ग्वालियर जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, एमपी बोर्ड सी.बी.एस.ई, आई.सी.एस.ई. एवं शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में लागू होगा।


## पुलिस अधीक्षक ग्वालियर, जिला ग्वालियर ( म.प्र. )

दूरभाष - 0751 - 2445200 फैक्स-0751-2445210
Email.ID-Sp_gwalior@mppolice.gov.in

क्र0/पुअ / ग्वा/रनि / 16/26 दिनांक-03/02/26

### ई - निविदा आमंत्रण सूचना

01. पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा इकाई मे प्रशासकीय भवनो के कुल 04 नगर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मरम्मत / रिपेयरिंग कार्य कराये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में मांग सख्या 003 -2055 पुलिस 00-001 निर्देशन एवं प्रशासन - 9999-9545 विभागीय परिसम्पत्तियों का संधारण 33-001 अनुरक्षण मद के अंतर्गत स्वीकृत 04 कार्यों को मय सामग्री लेवर चार्ज सहित कराने के लिये आवश्यक जानकारी एवं टेण्डर फार्म इच्छुक निविदाकारों के लिये निविदा शुल्क रुपये 1000/- (एक हजार रुपये मात्र) अधोहस्ताक्षर के पक्ष में ऑनलाईन जमा कर विज्ञापन जारी होने के लिये दिनांक से 05/02/26 समय 10 बजे से प्राप्त किया जा सकता है।
02. निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर भी उपलब्ध है।
03. निविदा प्रकाशन दिनांक 04/02/26 के समय 17:00 बजे से है।
04. ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि 05/02/26 के 10:00 बजे से है।
05. ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 11/02/26 के 17:00 बजे तक है।
06. निविदा खोलने की दिनांक 13/2/26 को समय 12 बजे से कार्यालय रक्षित निरीक्षक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय ग्वालियर में खोली जायेगी। निविदायें खोलने के अवसर पर निविदाकार अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, इसी दिन टेक्नीकल कमेटी फर्मों से प्राप्त दस्तावेजो का भी परीक्षण करेगी।

G-25488/25

पुलिस अधीक्षक
जिला ग्वालियर

## कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा जिला ग्वालियर म.प्र.

क्रमांक / क्यू/3/ मा.रा./ खनिज / 2025-26/2085 ग्वालियर, दिनांक -02/02/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 ( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा

### द्वितीय - सूचना

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदिका दीपा मेवाफरोश निवासी राज्य कर्मचारी आवास ग्वालियर गिर्द ग्वालियर म.प्र. द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक-15/12/2025 को प्रस्तुत किया गया है इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक- 1827 दिनांक-18/12/2025 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः दिनांक 21/02/2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in प्रस्तुत किये जायेंगे। विवरण निम्नानुसार है।

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा हैक्टेयर में | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्वालियर | डबरा | लदेरा | 676 | 3.200 | शासकीय | गिटटी एवं एम-सेण्ड | |

1-उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2-यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3-यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है। तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4-यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृत पर विचार किया जा सकेगा।
5-निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

G-25459/25

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा
जिला ग्वालियर




